**First Year Examination of the**
**Three Year Degree Course, 2001**

(Faculty of Commerce)
BOOK - KEEPING
(For non-Commerce students only)

Time : 3 Hours [ Maximum Marks :50]

प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न का चयन करते हुए,
परीक्षार्थियों को कुल **पाँच** प्रश्न करने है।
सभी प्रश्नो के अंक समान है।

**इकाई–1**

1. (अ) लेखांकन का अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी के साथ सम्बन्ध समझाइये।

(ब) एक लेखाकार की समाज में क्या भूमिका है? समझाइये।
अग्रलिखित विवरण से 31 मार्च, 1996 को एक बैंक समाधान विवरण बनाइए :

i. रोकड़ बही में बैंक स्तम्भ का डेबिट शेष
ii. लेनदारों को चैक जारी किये गये किन्तु अब तक बैंक में भुगतान के लिये प्रस्तुत नही किये गये
iii. बैंक में चैक संग्रह के कलये जमा कराये गये लेकिन अब तक बैंक द्वारा संग्रहित नहीं किये जा सके
iv. बैंक शुल्क
v. बैंक ने व्यापारी की तरह से गृह कर चुकाया किन्तु इस सम्बन्ध में बैंक से कोई सूचना प्राप्त नही हुई।
vi. बैंक द्वारा लाभांश प्राप्त किया गया किन्तु रोकड़ पुस्तक में दर्ज नहीं किया
vii. बैंक द्वारा ब्याज जमा किया गया



PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

## इकाई–2

2. चालू खाते पर ब्याज निकालने की विधियों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

1 अप्रेल, 1995 को एक्स लिमिटेड के मशीनरी खाते का डेबिट शेष रू. 32,400 है। मूल्य ह्रास 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगाया जाता है। 1 अप्रेल 1993 को रू. 10,000 में क्रय की गई मशीन का एक भाग 1 अक्टूबर, 1995 को रू. 7,000 में बेच दिया गया तथा उसी तिथी को एक नई मशीन रू. 20,000 में खरीदी।
31 मार्च 1996 को कम्पनी ने अपनी ह्रास कर पद्धति को क्रमागत ह्रास विधि से सीधी रेखा विधि में 1 अप्रेल 1993 से परिवर्तित करने का निर्णय लिया। ह्रास की दर 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष ही रहती है। 31 मार्च, 1996 को मशीनरी खाता बनाइये।

## इकाई–3

3. डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के लिये आयोजन से आप क्या समझते है? यह क्यों बनाया जाता है और किस प्रकार प्रयोग में लाया जाता है?

**अथवा**

कमल एण्ड सन्स के तलपट के क्रेडिट पक्ष का योग रू. 83 से अधिक है। अन्तर की राशि उचन्ती खाते में लिख दी गई। पुस्तकों की गहन जाँच के उपरान्त निम्नलिखित त्रुटियों का पता लगाया गया :

i. एक व्यापारी से रू. 5 का माल खरीदा परन्तु उसके खाते के क्रेडिट पक्ष में रू. 50 से खतौनी कर दी गई।
ii. दिनेश को वेतन की राशि रू. 250 चुकाई परन्तु उसका व्यक्तिगत खाता डेबिट किया गया।



PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

iii. विक्रय वापसी बही में लिखी गई रू. 10 की एक मद की ग्राहक के डेबिट पक्ष में खतौनी कर दी गई जिसने कि माल वापिस लौटाया था।
iv. बेचे गये प्लाण्ट की विभिन्न मदों की रू. 260 को विक्रय पुस्तक में लिख दिया गया तथा विक्रय पुस्तक में योग से विक्रय खाते में खतौनी कर दी गई।
v. ग्राहक को दी गई उधार राशि रू. 60 को देनदारों की सूचि में लिखना भूल गये।
vi. लेनदारों से प्राप्त बट्टे की राशि रू. 2 की लेनदारी के खाते में खतौनी कर दी गई परन्तु बट्टे खाते में खतौनी नही की।
vii. अशुद्धियों के सुधार हेतु जर्नल प्रविष्ट दीजिए जथा उचन्ती खाता बनाइये।

**इकाई–4**

4. आय व्यय खाता क्या है? प्रप्ति एवं भुगतान खाता एवं आय व्यय खातें में अन्तर समझाइये।

**अथवा**

राम और श्याम सरसों का क्रय-विक्रय करने हेतु संयुक्त साहस में प्रवेश करते है और लाभ–हानि 3 : 2 के अनुपात में बांटने का निश्चय करते है। राम ने रू. 1,00,000 की सरसों खरीदी तथा रू. 1,000 भण्डार किराया, 200 रूपिये बीमा, रू. 800 गाड़ी भाड़े तथा रू. 300 विविध व्यय किये। श्याम ने रू. 60,000 की सरसों खरीदी और 400 भण्डार किराया रू. 100 बीमा तथा रू. 100 गाड़ी भाड़े के खर्च किये।
राम के कुल सरसों रू. 1,20,000 तथा श्याम ने 76,000 रूपये में बेच दी। दोनों साहसियों की खाताबहीं में इन व्यवहारों से सम्बन्धित लेखा कीजियें।



PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

## इकाई–5

5. (अ) वसूली खाता, पुनर्मूल्याकंन खाते से किस प्रकार भिन्न है ?

(ब) एक फर्म के विघटन पर सम्पत्तियों का किश्तों में क्यों और कैसे वितरण किया जाता है ?

**अथवा**

1 जनवरी, 1966 को एक्स व वाई क्रमशः रू. 1,00,000 व रू. 75,000 लगातार लाभों को 3:2 के अनुपात में बाँटते हुऐ साझेदारी में प्रविष्ट होते है। वाई को रू. 2,500 वार्षिक वेतन मिलेगा। पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज लगाया जावेगा। आहरण पर 5% ब्याज वसूल किया जावेगा। वर्ष के दौरान एक्स ने रू. 3,000 तथा वाई ने रू. 5,000 निकाले जिस पर ब्याज के क्रमशः रू. 50 व रू. 100 हुए। उपरोक्त कोई भी समायोजन करने से पूर्व 1996 के वर्ष में लाभ रू. 24,000 का हुआ। दिखाईये कि लाभ किस प्रकार बांटा जायेगा। पूॅजी खाते भी दिखाईये :

(i.) यदि पूॅजी परिवर्तनशील है, और

(ii.) यदि ये अपरिवर्तनशील है।



PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com